9. A व B एक फर्म में साझेदार हैं। फर्म की विनियोजित पूँजी ₹ 5,00,000 है और सामान्य प्रत्याय की दर 10% वार्षिक हैं। प्रत्येक साझेदार का वार्षिक वेतन ₹8,000 हैं। औसत लाभ ₹80,000 हैं। अधिलाभों के पूँजीकरण के आधार पर ख्याति की गणना करो।

A & B are partners in a firm. Capital employed of the firm is ₹ 5,00,000. Normal Rate of Return is 10% and average profit of the firm is ₹ 80,000. Salary of each partner is ₹ 8,000 pa. Calculate value of goodwill according to capitalisation of super profit method. **Ans:** ₹1,40,000

10. X व Y की समायोजित पूँजी क्रमशः₹30,000 व ₹ 25,000 हैं। Z के लाभों में $\frac{1}{4}$ हिस्से के लिए ₹ 25,000 पूँजी लाता हैं। ख्याति की गणना कीजिये।

Adjusted capital of X and Y is ₹ 30,000 and ₹ 25,000 respectively. Z bring in ₹ 25,000 as capital for ¼ share of profits in the firm. Calculate value of goodwill. Ans: ₹ 20,000

11. 31–12–16 को समाप्त होने वाले वर्ष के चिट्ठे में A व B की पूँजी क्रमशः ₹ 40,000 व ₹ 30,000 है तथा सामान्य संचय में ₹ 20,000 का शेष हैं। C को लाभों में $\frac{1}{3}$ हिस्से के लिए 1–1–17 प्रवेश करता है और पूँजी ₹ 50,000 लेकर आता हैं। ख्याति की गणना कीजिये।

Balance of Capital A/cs of A & B were ₹ 40,000 & ₹ 30,000 respectively. For the year ended 31 – 12 – 2016. Balance of General Reserve Stood at ₹ 20,000. C is admitted on 1 – 01 -2017 for 1/3rd share in profits. C brings in ₹ 50,000 for his share of capital. Calculate value of goodwill.

Ans: ₹ 10,000

12. किसी फर्म के अधिलाभ ₹ 10,000 हैं। यदि 5 वर्ष के लिए 10% ब्याज दर पर एक रुपये की वार्षिकी का वर्तमान मूल्य 3.791 है तो ख्याति का मूल्य होगा।

Super Profit of a firm is ₹ 10,000. The present value of an annuity of ₹ 1 for five years at 10% per annum may taken at 3.791. Find the value of goodwill of the firm. **Ans:** ₹ 37,910

13. किसी व्यवसाय का क्रय प्रतिफल ₹ 3,50,000 तय हुआ। इस व्यवसाय की सम्पत्तियां ₹4,00,000 व दायित्व ₹80,000 है तो ख्याति का मूल्य होगा।

Purchase consideration of a business is determined at ₹ 3,50,000. Assets were ₹ 4,00,000 & Liabilities were worth ₹ 80,000. Find the value of goodwill of the firm. **Ans:** ₹ 30,000

14. A व B एक फर्म में 2 : 1 के अनुपात में लाभों को बाँटते हुए साझेदार है । वे C को लाभों का $\frac{1}{6}$ हिस्सा देकर प्रवेश देते हैं।C ₹40,000 पूँजी व ₹15,000 ख्याति के लिए नकद लेकर आता हैं व B ख्याति की राशि निकाल लेते हैं। C के प्रवेश की तिथि को पुस्तकों में ख्याति खाता ₹ 30,000 पर प्रकट होता हैं। आवश्यक प्रविष्टियां कीजिए।

A and B are partners in a firm sharing profits in the ratio of 2: 1. They admitted C as a new partner. C brought in ₹ 40,000 for his share of capital and ₹ 15,000 as Goodwill for 1/6th share in profits of the firm. Goodwill withdrawn by A & B from the firm. On C's admission goodwill appeared in the books of the firm at ₹ 30,000. Record necessary Journal entries.

15. A व B एक साझेदारी फर्म में 3 : 2 में लाभ विभाजन करते हैं। वे C को लाभों का $\frac{1}{5}$ हिस्से के लिए प्रवेश देते हैं। C अपना पूरा हिस्सा A से प्राप्त करता हैं।C₹ 50,000 पूँजी व ₹ 10,000 ख्याति के लिए नकद लेकर आता हैं। C के प्रवेश की तिथि को पुस्तकों में ख्याति खाता ₹ 25,000 पर बताया गया हैं। आवश्यक प्रविष्टियां कीजिए।

A and B are partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2. They admitted C as a new partner for 1/5th share in profits of the firm. C acquires his entire share from A. C brought in ₹ 50,000 as his capital and ₹ 10,000 as goodwill. On C's admission goodwill appeared in the books of the firm at ₹. 25,000. Record necessary Journal entries.

16. A व B 3 : 2 के अनुपात में लाभ विभाजन करते हुए साझेदार है वे C को लाभों का $\frac{1}{5}$ हिस्से के लिए प्रवेश देते हैं। C के प्रवेश की तिथि को फर्म की ख्याति ₹25,000 पर मूल्यांकित की जाती हैं। C ने अपनी पूँजी व ख्याति के लिए निम्न सम्पत्तियों का योगदान दिया। देनदार ₹ 10000 स्टॉक ₹15,000 उपर्युक्त को प्रभावी करने के लिए आवश्यक प्रविष्टियां कीजिए।

A and B are partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2. They admitted C as a new partner for 1/5th share in profits of the firm. On the date of C's admission goodwill was valued at ₹ 25,000. C contributed the following assets to his capital and his share of goodwill. Debtors ₹ 10,000 & Stock ₹ 15,000. Record necessary Journal entries.

17. A, B व C एक फर्म में 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ विभाजन करते हुए साझेदार हैं। वे D को लाभों में $\frac{1}{7}$ हिस्से के लिए प्रवेश देते हैं। D पूँजी के लिए ₹ 1,00,000 व ₹ 45,000 ख्याति के लिए लेकर आता हैं। आवश्यक प्रविष्टियां दीजिए।

A, B and C are partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. They admitted D as a new partner for 1/7th share in profits of the firm. D brought in ₹ 1,00,000 as his capital and ₹ 45,000 as goodwill. Record necessary Journal entries.

18. L, M तथा N एक फर्म में साझेदार है और लाभ को 2:2:1 के अनुपात में बाँटते है । वे निर्णय लेते है कि भविष्य में N को लाभों में 1/4 हिस्सा मिलेगा । फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 80,000 किया गया था। पुस्तकों में ख्याति ₹ 20000 दिखाई गई हैं। अपेक्षित जर्नल में प्रविष्टियां कीजिए ।

L, M and N are partners in a firm sharing profits in the ratio of 2:2:1. They decided that N will get 1/4th share in future profit. Goodwill of the firm was valued ₹ 80000. Goodwill already appeared in the books ₹ 20000. Pass necessary journal entries.

Ans: ₹20000 की ख्याति 2 : 2 : 1 के अनुपात में अपलिखित होगी; 2. L¼ (SR) ,M 1/40 (SR), N 2/40 (GR)

19. एक्स, वाई, तथा जेड साझेदार थे और लाभ को 5 : 3 : 2 के अनुपात में बाँटते थे । उन्होंने निर्णय लिया कि 1–04–2017 से लाभों का बँटवारा 2 : 3 : 5 के अनुपात में करेंगे । वे निम्नलिखित के प्रभाव को उनके पुस्तक मूल्य को बदले बिना दिखाना चाहते है ।

1. लाभ तथा हानि खाता ₹ 24000. 2 विज्ञापन उचन्ती खाता ₹ 12000 अपेक्षित समायोजन प्रविष्टि कीजिए।

X, Y and Z were parttners sharing profits in the ratio of 5:3:2. They decided to share future profits in the ratio of 2:3:5 with effect from 1-04-2017. They decide to record the effect of the following without affecting their book value.

1- Profit and Loss A/c ₹ 24000, **2.** Adevertisement Suspense A/c ₹ 12000. Pass the necessary adjustment entry.

Ans: Z(Dr.) ₹ 3600, X (Cr.) ₹ 3600

निबन्धात्मक प्रश्न (Essay type Questions)

1. नये साझेदार के प्रवेश से क्या समझते है? ख्याति की गणना की विभिन्न विधियों को उदाहरण सहित समझाइये।
What is meant by admission of a partner? Explain and illustrate the different methods of calculation of goodwill.

2. पुनर्मूल्यांकन खाता क्या है? यह क्यों बनाया जाता है? एक नये साझेदार के प्रवेश के समय सम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन एवं दायित्वों के पुनः निर्धारण से सम्बन्धित जर्नल प्रविष्टियां दीजिये।
What is Revaluation account? Why is it prepared? What entries are passed for revaluation of Assets & Re-Assesment of Liabilities on admission of a new Partner?

3. एक नये साझेदार के प्रवेश के समय कौनसी समस्याएं आती है? उनके समाधान हेतु कौन–कौन से समायोजन किये जाते है? वर्णन कीजिए।
What problems occure at the time of admission of a new partner, for which what adjustments are made? Explain.

4. स्मरणार्थ पुनर्मूल्यांकन खाता क्या है? यह पुनः पुनर्मूल्यांकन खाते से किस प्रकार भिन्न है?
What is Memorandum Revaluation Account? How does it differ from Revaluation Account?

5. किसी साझेदार के प्रवेश के समय भारतीय AS- 26/ Indian AS-38 के अनुसार ख्याति का लेखांकन संव्यवहार बताये?
State the treatment of goodwill at the time of admission of a new partner as per accounting Indian AS-26/ Indian AS-38.

बहुचयनात्मक प्रश्नों के उत्तर

प्रश्न सं.	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
उत्तर	B	C	B	C	A	B	A	C	D	C

आंकिक प्रश्न (Numerical Questions)

1. A व B एक फर्म में 3 : 1 के अनुपात में लाभ विभाजन करते हुए साझेदार है । वे C को लाभों का $\frac{1}{4}$ हिस्से के लिए प्रवेश देते हैं। C के प्रवेश की तिथि को फर्म की ख्याति ₹ 40,000 पर मूल्यांकित की गयी। निम्न परिस्थितियों में ख्याति के लेखांकन हेतु प्रविष्टियां दीजिये।

(a) C अपने हिस्से की ख्याति निजी तौर पर A व B को देता हैं। **(b)** C अपने हिस्से की ख्याति नकद लेकर आता हैं। **(c)** C अपने हिस्से की ख्याति नकद लेकर आता हैं व B अपने हिस्से की $\frac{1}{2}$ ख्याति व्यवसाय से निकाल लेते हैं। **(d)** C अपने हिस्से की ख्याति में से ₹ 6,000 नकद लेकर आता हैं। **(e)** C अपने हिस्से की ख्याति नकद लेकर नहीं आता हैं।

A & B are partners sharing profits in the ratio of 3 : 1. They admit C for 1/4th share in profits of the firm. Goodwill of the firm is valued at ₹40,000 on the date of admission of C. Pass Journal Entries in the following cases:

(a) C pays for his share of Goowill privately to A & B. **(b)** C brings his share of goodwill in cash. **(c)** C brings his share of goodwill in cash. A & B withdraws half of the goodwill. **(d)** C brings ₹6,000 in cash out of his share of goodwill. **(e)** C is unable to bring his share of goodwill in cash.

2. अ और ब एक व्यवसाय के लाभों को 5 : 3 में बाँटते हैं। वे स को लाभ में 1/4 हिस्से के लिए शामिल करते हैं।, जो कि अ तथा ब द्वारा बराबर दिया जायेगा। स के प्रवेश के समय फर्म का चिट्ठा निम्न प्रकार था :

A and B shares the profits of a business in the ratio of 5: 3. They admitted C into the firm for 1/4th share in profits which is to be contributed equally by A and B. On the date of admission of C the Balance Sheet of the firm was as follows:

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
A's Capital	50,000	Goodwill	10,000
B's Capital	30,000	Machinery	35,000
General Reserve	16,000	Furniture	15,000
Creditors	14,000	Stock	10,000
Employee's Provident Fund	10,000	Debtors	10,000
		Bank	40,000
	1,20,000		**1,20,000**

स के प्रवेश की शर्तें निम्न थी :– (1) स अपने हिस्से की पूँजी तथा ख्याति के लिये ₹30,000लाएगा एवं पुराने साझेदारों द्वारा आधी ख्याति फर्म से निकाल ली जाएगी। (2) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन अधिलाभ ₹8,000के तीन वर्षों के क्रय के बराबर किया गया हैं। (3) मशीन, फर्नीचर एवं स्टॉक का पुनर्मूल्यांकन क्रमशः ₹30,000, ₹12,000एवं ₹8,000पर किया गया हैं। (4) एक ग्राहक जिसका खाता डूबत ऋण मान लिया गया था वह ₹1,200देने के लिए सहमत हो जाता हैं। उपरोक्त के आधार पर पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा नई फर्म का चिट्ठा बनाइए। यदि यह तय किया गया कि सम्पत्तियों व दायित्वों को पुराने मूल्यों पर ही दिखाया जाये तो स्मरणार्थ पुनर्मूल्यांकन खाता, पूँजी खाते व चिट्ठा बनाइये।

Terms of C's admission were as follows: (i) C will bring ₹30,000 for his share of capital and goodwill. Half of the goodwill shall be withdrawn by the old partners. (ii) Goodwill of the firm has been valued at 3 years' purchase of the super profit ₹8,000. (iii) Machinery, furniture and stock are revalued at ₹30,000, ₹12,000 &₹8,000 respectively. (iv) An old customer whose account was written off as bad debts has promised to pay ₹1,200. From the above prepare Revaluation account, Partners' Capital accounts and Balance Sheet of the new firm. If it has been agreed that Assets and Liabilities are to be shown at old values. Prepare Memorandum Revaluation A/c, Partner's capital A/c and Balance Sheet.

Ans. (i) Loss on revaluation ₹8,800; A's capital ₹49,750; B's capital ₹30,450; C's capital ₹24,000; B/S ₹1, 28,200; (ii) B/S ₹1, 37,000; Capital A/c : A ₹54,250; B ₹32,550; ₹26,200.

3. एक्स व वाई 2:1के अनुपात में लाभ बाँटते हुए साझेदार हैं। 31मार्च, 2017 को उनकी फर्म का चिट्ठा निम्न प्रकार है :

X and Y are partners sharing profit in the ratio of 2: 1. Their Balance Sheet as on 31st March, 2017 is as under:

Balance Sheet (as on 31st March 2017)

Liabilities		Amount ₹	Assets		Amount ₹
Creditors		30,000	Bank Balance		17,200
Outstanding Salary		1,000	Debtors	16,000	
Workmen Compensation Reserve		6,000	Less:Provision	1,200	14,800
General Reserve		9,000	Stock		43,000
Capital:			Plant & Machinery		42,000
X	60,000		Building		36,000
Y	50,000	1,10,000	Goodwill		3,000
		1,56,000			**1,56,000**

1 अप्रैल, 2017 को उन्होंने जेड को ¼ हिस्से के लिए फर्म में प्रवेश दिया जिसे वह एक्स से प्राप्त करेगा। उस समय निम्न निर्णय लिये :

(i) जेड पूँजी के रूप में ₹36,000 नकद तथा ₹14,000 मूल्य के राम लि0 के अंश लाता हैं। (ii) फर्म की ख्याति का वर्तमान मूल्य ₹12,000 हैं। जेड अपने हिस्से की ख्याति नकद लाता हैं। (iii) देनदारों पर डूबत ऋण आयोजन 10% तक बढाया जाये तथा अब अदत्त वेतन की आवश्यकता नहीं हैं। (iv) संयन्त्र व मशीनरी 5% से अधिमूल्यांकित किया गया हैं तथा रहतिया ₹2,400 से बढाया जाये। (v) भवन का मूल्य 10% से कम मूल्यांकित हैं। (vi) ₹4,000 के लेनदार अपलिखित करने हैं। (vii) कर्मचारी क्षतिपूर्ति संचय के विरुद्ध ₹9,000 का दायित्व निश्चित हो गया हैं।

जेड के प्रवेश पर लाभ हानि समायोजन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते एवं चिट्ठा बनाइए।

They admitted Z in the firm from 1st April, 2017 for 1/4th share, which he will receive from X. Following decisions were taken on that time:(i) Z brings ₹36,000 in cash and share of Ram Ltd. Worth ₹14,000 as his

capital. (ii) The present value of firm's goodwill is ₹12,000. Z brings his share of goodwill in cash. (iii) Provision for Bad Debts on debtors be increased to 10% and outstanding salary is not required now. (iv) Plant and Machinery overvalued by 5% and stock to be increased by ₹2,400. (v) Building undervalued by 10%.(vi) Sundry Creditors were written back by ₹4,000. (vii) Liability against Workmen Compensation determined at ₹9,000. Prepare Profit & Loss Adjustment Account,Partners' Capital Accounts and Balance Sheet on the admission of Z.

Ans : (Profit on Revaluation ₹6,000; X's capital ₹71,000; Y's capital ₹54,000; Z's capital ₹50,000; B/S ₹2,10,000.)

4. एल, एम, तथा एन एक फर्म के साझेदार थे तथा 3: 2: 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे। 31-3-2017 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

L, M and N were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3: 2: 1. Their Balance Sheet on 31.3.2017 was as follows:

Balance Sheet of L, M and N As on 31 March, 2017

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Creditors		1,68,000	Bank	28,000
General Reserve		42,000	Debtors	40,000
Capitals:			Stock	2,20,000
L	1,20,000		Investments	60,000
M	80,000		Furniture	20,000
N	40,000	2,40,000	Machinery	70,000
			Profit & Loss	12,000
		4,50,000		**4,50,000**

उपरोक्त तिथि को ओ को एक नया साझेदार बनाया गया तथा यह निर्णय लिया कि :

(i) एल, एम, एन तथा ओ का नया लाभ अनुपात 2: 2 : 1 : 1होगा। (ii) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹1,80,000 किया गया तथा ओ अपने भाग की ख्याति (प्रीमियम) नकद लाया। (iii) निवेशों का बाजार मूल्य ₹36,000 था। (iv) मशीनरी को ₹58,000 तक घटाया जायेगा। (v) ₹6,000 का एक लेनदार दावा नहीं करेगा अतः उसे अपलिखित किया जायेगा। (vi) फर्म में लाभ के 1/6 भाग के लिए ओ आनुपातिक पूँजी लायेगा। (vii) देनदारों पर 5% की दर से संदिग्ध ऋणों के लिए आयोजन तथा 2% की दर से देनदारों पर बट्टे के लिए आयोजन किया जाये। पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा पुनर्गठित फर्म का स्थिति विवरण तैयार कीजिए ।

On the above date O was admitted as a new partner and it was decided that:

(i) The new profit sharing ratio between L, M, N and O will be 2: 2: 1: 1. (ii) Goodwill of the firm was valued at ₹1,80,000 and O brought his share of goodwill (premium) in cash. (iii) The market value of investments was ₹36,000. (iv) Machinery will be reduced to ₹58,000. (v) A creditor of ₹6,000 was not likely to claim the amount and hence was to be written off. (vi) O will bring proportionate capital so as to give him 1/6th share in the profits of the firm. (vii) Provision for doubtful debts to be maintained @ 5% and Provision for discount on debtors be made @ 2%. Prepare Revaluation Account, Partner's Capital Accounts & Balance Sheet of the New Firm.

Ans. Loss on Revaluation ₹32,760; B/S ₹4,82,688; Capital A/c L₹1,48,620; M ₹79,080; N ₹39,540; O ₹53,448.

5. ए व बी 5 : 3 में लाभ बाँटते हैं। उन्होंने सी को लाभ में ¼ भाग के लिए फर्म में प्रवेश दिया जो कि ए व बी द्वारा बराबर–बराबर देय होगा। सी के प्रवेश से तुरन्त पूर्व फर्म का चिट्ठा निम्नांकित है :

A and B shares the profits in the ratio of 5: 3. They admit C into firm for a 1/4th share in the profits to be contributed equally by A and B. Before admission of C, Balance Sheet of the firm is as follows:

Balance Sheet

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
A's Capital	40,000	Machinery	30,000
B's Capital	30,000	Furniture	20,000
Workmen Compensation Reserve	4,000	Stock	15,000

Provision For Doubtful Debts	1,000	Debtors	15,000
Creditors	2,000	Bank	7,000
Provident fund	10,000		
	87,000		**87,000**

सी के प्रवेश पर निम्नांकित शर्तें है :

(i) सी ₹30,000 पूँजी व ख्याति के हिस्से के लिए लायेगा।(ii)फर्म की ख्याति पिछले चार वर्षों के औसत अधिलाभ के तीन गुने के आधार पर मूल्यांकित करनी हैं। पिछले चार वर्षों का औसत लाभ ₹20,000 है जबकि विनियोजित पूँजी पर सामान्य लाभ ₹12,000 हैं। (iii) फर्नीचर का मूल्य ₹6,000 से बढाना है, जबकि स्टॉक का मूल्य ₹2,000 से कम करना हैं। भविष्य निधि में ₹1,000 बढ़ोतरी करनी हैं। (iv) सभी देनदार अच्छे हैं। (v) कर्मचारी क्षतिपूर्ति संचय के विरुद्ध ₹2,000 का दायित्व निश्चित किया गया हैं।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते एवं नयी फर्म का चिट्ठा तैयार कीजिए।

Terms of C's admission were as follows: (i) C will bring ₹30,000 as his share of Capital and Goodwill. (ii) Goodwill of the firm has been valued at 3 times of the average super-profits of last four years. Average profits of the last four years are ₹20,000, while the normal profits that can be earned with the capital employed are ₹12,000. (iii) Furniture to be appreciated by ₹ 6,000 and the value of stock is to be reduced by ₹2,000. Provident fund be raised by ₹1,000. (iv) All debtors are good. (v) Liability against Workmen Compensation Reserve is determined at ₹2,000.

Prepare Revaluation Account, Partners' Capital Accounts and the Balance Sheet of the new firm.

Ans. Profit on Revaluation ₹4,000; Capital A/c : A ₹47,500; B ₹34,500 & C ₹24,000. B/S ₹1,21,000.

6. अ तथा ब का 31 मार्च, 2017 का चिट्ठा निम्न है जो लाभ–हानि को 3 : 1 में विभाजित करते है :

The following is the Balance Sheet of A and B, who are sharing profit in the proportion of 3: 1 on 31st March, 2017:

Balance Sheet As on 31st March, 2017

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
Creditors	39,700	Cash at Bank	22,600
Provision For Bad Debts	300	Bills Receivable	3,000
General Reserve	4,000	Debtors	16,000
Capital:		Stock	20,000
A ₹ 30,000		Office Furniture	1,000
B ₹ 16,000	46,000	Land & Building	25,000
		Advertisement Expenses	2,400
	90,000		**90,000**

1 अप्रैल, 2017 को वे निम्न शर्तों, पर स को साझेदारी में शामिल करने को सहमत हो जाते हैं:

(i) स लाभों में 1/5 भाग के लिए ₹14,000 पूँजी व ख्याति के लाएगा। (ii) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹20,000 किया गया। (iii) स्टॉक तथा फर्नीचर का मूल्य 10% से कम किया जाये तथा देनदारों पर 5% की दर से संदिग्ध ऋणों के लिये प्रावधान बनाया जायेगा। (iv) भूमि और भवन का मूल्य 20% से बढाया जायेगा। (v) साझेदारों के पूँजी खाते को नये साझेदार की पूँजी के अनुपात में समायोजित किया जायेगा तथा किसी आधिक्य या कमी को उनके चालू खाते में हस्तान्तरित किया जायेगा।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा नई फर्म का चिट्ठा बनाइए।

They agreed to take C in partnership on 1st April, 2017 on the following terms: (i) C will pay ₹14,000 as his capital and goodwill for 1/5th share in the future profits. (ii) That the goodwill of the firm be valued at ₹20,000. (iii) The stock and furniture will be reduced by 10% and the provision for doubtful debts will be created @ 5% on debtors. (iv) Value of Land & building be appreciated by 20%. (v) That the capital accounts of the partners will be readjusted on the basis of new partners' capital and any excess or deficiency transferred to their current accounts. Prepare Revaluation account, Partner's Capital accounts and Balance Sheet of the new firm.

Ans. Profit on Revaluation ₹2,400; Capital A/c ; A ₹30,000; B ₹10,000 & C ₹10,000; B/S ₹1,04,500.

7. अ और ब लाभ 3 : 2 के अनुपात में बाँटते हैं। 31 मार्च, 2017 को उनका चिट्ठा निम्न प्रकार था :

A and B distributes profit in 3 : 2 ratio. On 31st March, 2017 their Balance Sheet is as follows:

Balance Sheet as on 31st March, 2017

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
Bills Payable	60,000	Cash and bank balance	25,000
Reserve Fund	15,000	Debtors 30,000	
Workmen Compensation Reserve	10,000	Less: Provision 2,000	28,000
Capital: A	90,000	Stock	32,000
B	40,000	Goodwill	10,000
		Building	1,20,000
	2,15,000		**2,15,000**

1 अप्रैल, 2017 को निम्न शर्तों के आधार पर स को साझेदारी में शामिल किया :

(i) साझेदारों का नया अनुपात 2 : 2 : 1 होगा। (ii) स ₹40,000 अपनी पूँजी के चुकाता हैं। (iii) स्टॉक को ₹2,000 से कम किया जाये, संदिग्ध ऋणों के लिए आयोजन ₹3,000 तक रखा जाये। (iv) फर्म की ख्याति में स का हिस्सा ₹5,000 पर मूल्यांकित किया जाये। स ख्याति की नकद राशि लाता हैं। (v) पूर्वदत्त बीमा व्यय ₹1,000. (vi) बकाया बिजली के बिल ₹500. (vii) भवन ₹10,000 से कम मूल्यांकित हैं। (viii) सभी साझेदारों की पूँजी उनके लाभ विभाजन अनुपात में होगी। नकद से समायोजन किया जाये। नयी फर्म में पूँजी खाते एवं चिट्ठा तैयार कीजिये ।

On 1st April, 2017 C was admitted in partnership on the following conditions: (i) New ratio of partners will be 2: 2: 1. (ii) C pays ₹40,000 as his capital. (iii) Stock be decreased by ₹2,000. Provision for Doubtful debts is to be maintained up to ₹3,000. (iv) C's share in the Goodwill of the firm be valued at ₹5,000. C brings cash for Goodwill. (v) Prepaid Insurance ₹1,000. (vi) Outstanding Electricity Bills ₹500. (vii) Building undervalued by ₹10,000. (viii) The capitals of all partners will be in their profit sharing ratio. Adjustment is to be done by cash. Prepare CapitalAccounts and Balance Sheet of the new firm.

Ans. Profit on Revaluation ₹7,500; Capital A/c A ₹80,000; B ₹40,000 & C ₹40,000. B/S ₹2,60,500; Cash & Bank Balance ₹72,500.

8. एम एवं एन एक फर्म में समान अनुपात में साझेदार हैं। 31 मार्च, 2017 को उनका चिट्ठा निम्न प्रकार है :

M and N are partners in the firm in equal profit sharing ratio. On 31st March, 2017 their Balance Sheet was as follows:

Balance Sheet (As on 31st March, 2017)

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
General Reserve		8,000	Cash in hand	1,500
Investment Fluctuation Reserve		2,000	Investment	30,000
Bank Overdraft		40,000	Debtors	57,000
Creditors		36,000	Furniture	4,000
Capital:			Stock	10,500
M	30,000		Building	30,000
N	20,000	50,000	Patent	3,000
		1,36,000		**1,36,000**

उन्होंने ओ को निम्न शर्तों पर साझेदार बनाया : (i) देनदारों पर 10 % वार्षिक दर से डूबत ऋण आयोजन बनाया जाये। (ii) फर्नीचर का मूल्य 25% से कम किया जाये। (iii) विनियोंगो का मूल्य ₹5,000 से बढ़ाया जाये। (iv) ओ ₹25,000 पूँजी लायेगा तथा उसे लाभों में 1/3 हिस्सा दिया जायेगा और ₹5,000 ख्याति के लाएगा। (v) एक लेनदार ₹1,700 का है जो मृत हैं। भविष्य में इस खाते पर कोई दायित्त्व उत्पन्न नहीं होगा। (vi) एकस्व मूल्यहीन हैं। (vii) भवन का मूल्य 25% से बढ़ाया जाए। स्टॉक का मूल्य ₹9,000 तक कम करना हैं। पुराने साझेदारों की पूँजी उसी के आधार पर समायोजित की जाएगी। पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा चिट्ठा बनाइये।

They admit O in the partnership on the following terms: (i) Create provision for Doubtful Debts by 10% on Debtors. (ii) Furniture will be depreciated by 25%. (iii) Increase the value of Investment by ₹5,000. (iv) O shall bring ₹25,000 as his capital and his share in profit & loss will be 1/3rd and he will bring ₹5,000 as his share of goodwill. (v) A creditor for ₹1,700 is dead. No liability shall arise in future on this account. (vi) Patents are valueless. (vii) Building will be appreciated by 25%. Stockis reduced to ₹9,000. The capitals of old partners are also to be adjusted accordingly. Prepare Revaluation A/c, Partners' Capital A/c and Balance Sheet.

Ans. Profit on Revaluation ₹3,000; Capital A/c : M ₹25,000; N ₹25,000 & O ₹25,000
B/S ₹1,49,300; Cash Balance ₹13,500.

9. अटल तथा मदन एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 के अनुपात में लाभ बाँटते थे। 31-3-2017 को उन्होंने लाभ के 1/5 वें भाग के लिए मेहरा को एक नया साझेदार बनाया। नया लाभ विभाजन अनुपात 5 : 3 : 2 था। मेहरा के प्रवेश के समय फर्म का स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

Atal and Madan were partners in a firm sharing profits in the ratio of 5: 3. On 31.3.2017 they admitted Mehra as a new partner for 1/5th share in the profits. The new profit sharing ratio was 5: 3: 2. On Mehra's admission the Balance Sheet of the firm was as follows:

Balance Sheet As on 31st March, 2017

Liabilities		Amout ₹	Assets	Amount ₹
Capitals			Land and Building	1,50,000
Atal:	1,50,000		Machinery	40,000
Madan:	90,000	2,40,000	Patents	5,000
Provision for bad debts		1,200	Stock	27,000
Creditors		20,000	Debtors	47,000
Workmen Compensation Fund		32,000	Cash	4,200
			Profit and Loss Account	20,000
		2,93,200		**2,93,200**

मेहरा के प्रवेश के समय यह निर्णय लिया गया कि :

(i) मेहरा अपनी पूँजी के लिए ₹40,000 तथा ख्याति (प्रीमियम) के अपने भाग के लिए ₹16,000 लाएगा, जिसका आधा भाग अटल तथा मदन ने निकाल लिया। (ii) डूबत तथा संदिग्ध ऋणों के लिए $2\frac{1}{2}\%$ का प्रावधान करना हैं। (iii) विविध लेनदारों में ₹2,500 की एक मद हैं जिसका भुगतान नहीं करना हैं। (iv) बिजली के अदत्त बिल के लिए ₹3,000 का प्रावधान करना हैं। (v) फर्म के विरुद्ध ₹325 के एक क्षतिपूर्ति दावे के मंजूर होने की सम्भावना हैं। उसके लिए प्रावधान करना हैं।

उपरोक्त समायोज़नों के पश्चात अटल तथा मदन की पूँजी को मेहरा की पूँजी के आधार पर समायोजित करना हैं। स्थिति अनुसार अटल तथा मदन द्वारा रोकड़ लाई जाएगी अथवा उनको भुगतान की जाएगी। पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा नई फर्म का स्थिति विवरण तैयार कीजिये।

On Mehra's admission it was agreed that:

(i) Mehra will bring ₹40,000 as his capital and ₹16,000 for his share of goodwill (premium), half of which was withdrawn by Atal and Madan. (ii) A provision of $2\frac{1}{2}\%$ for bad and doubtful debts was to be created. (iii) Included in the sundry creditors was an item of ₹2,500 which was not to be paid. (iv) A provision was to be made for an outstanding bill for electricity ₹3,000. (v) A claim of ₹325 for damages against the firm was likely to be admitted. Provision for the same was to be made.

After the above adjustments, the capitals of Atal and Madan were to be adjusted on the basis of Mehra's capital. Actual cash was to be brought in or to be paid off to Atal and Madan as the case may be. Prepare Revaluation Account, Capital Accounts of the partners and the Balance Sheet of the new firm.

Ans. : Loss on Revaluation ₹800; B/S ₹2,69,000; Capital A/c : Atal ₹1,00,000; Madan ₹60,000; Mehra's₹40,000.

10. शिखर तथा रोहित एक फर्म में साझेदार थे तथा 7 : 3 के अनुपात में लाभ बाँटते थे। 1 अप्रैल, 2017 को उन्होंने कवि को फर्म के लाभों में ¼ भाग के लिए एक नए साझेदार के रूप में प्रविष्ट कराया। कवि ₹4,30,000 अपनी पूँजी के लिए तथा ₹25,000 अपने ख्याति प्रीमियम के भाग के लिए लाया। 1 अप्रैल, 2017 को शिखर तथा रोहित का स्थिति विवरण निम्नानुसार था :

Shikhar and Rohit were partners in a firm sharing profits in the ratio of 7: 3. On 1st April, 2017 they admitted Kavi as a new partner for 1/4 share in profits of the firm. Kavi brought ₹4,30,000 as his capital and ₹25,000 for his share of goodwill premium. The Balance Sheet of Shikhar and Rohit as on 1st April, 2017 was as follows:

Balance Sheet of Shikhar and Rohit As on 1st April, 2017

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Capitals:			Land and Building	3,50,000
Shikhar	8,00,000		Machinery	4,50,000

Rohit	3,50,000	11,50,000	Debtors	2,20,000	
General Reserve		1,00,000	Less: provision	20,000	2,00,000
Workmen's Compensation Fund		1,00,000	Stock		3,50,000
Creditors		1,50,000	Cash		1,50,000
		15,00,000			**15,00,000**

यह निर्णय लिया गया कि : (i) भूमि तथा भवन का मूल्य 20% से बढाया जाएगा। (ii) मशीनरी का मूल्य 10% से कम किया जाएगा। (iii) कर्मचारी क्षतिपूर्ति निधि की देयता ₹50,000 निश्चित की गई। (iv) शिखर तथा रोहित की पूँजी कवि द्वारा लाई गई पूँजी के आधार पर समायोजित की जाएगी और इसके लिए आवश्यकतानुसार रोकड़ लाया जाएगा तथा इसका भुगतान किया जाएगा। पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारी के पूँजी खाते तथा नई फर्म का स्थिति विवरण तैयार कीजिए।

It was agreed that : (i) The value of Land and Building will be appreciated by 20%. (ii) The value of Machinery will be depreciated by 10%. (iii) The liabilities of Workmen's Compensation Fund was determined at ₹50,000. (iv) Capitals of Shikhar and Rohit will be adjusted on the basis of Kavi's capital and actual cash to be brought in or to be paid off as the case may be. Prepare Revaluation Account, Partners' Capital Accounts and the Balance Sheet of the new firm.

Ans. Profit on Revaluation ₹25,000. Capital A/c : Shikhar ₹ 9,03,000; Rohit ₹ 3,87,000; Kavi ₹ 4,30,000; B/S ₹ 19,20,000; Cash Balance ₹ 5,45,000.

11. A तथा B एक फ़र्म में साझेदार हैं और लाभ को 3 : 2 के अनुपात में बाँटते हैं। वे 1 अप्रेल 2017 को C को लाभ में 1/5 हिस्से के लिए साझेदारी में सम्मिलित करते हैं। उस दिन का उनका स्थिति विवरण इस प्रकार था :

A and B aren partners in the firm sharing profit in the ratio of 3 : 2. On 1st April 2017. They admit C in new firm for 1/5 share in profit. Their balance sheet was as follows:

Balance Sheet As on 31st March, 2017

Liabilities		Amount₹	Assets	Amount ₹
Capital Accounts:			Goodwill	5,000
A	60,000		Plant & Machinery	65,000
B	50,000	1,10,000	Furniture	15,000
General Reserve		10,000	Investments	20,000
Sundry Creditors		50,000	Stock	20,000
			Sundry Debtors	30,000
			Cash in hand	15,000
		1,70,000		**1,70,000**

C को निम्नलिखित शर्तों पर सम्मिलित किया गया था : (i) C ₹40,000 पूँजी के और ₹15,000 ख्याति के लाएगा। (ii) साझेदार भविष्य में लाभों को 5 : 3 : 2 के अनुपात में बाँटेंगे। (iii) निवेशों के मूल्य में 20% की वृद्धि की जाएगी और फ़र्नीचर में 10% का ह्रास किया जाएगा। (iv) एक ग्राहक, जिसे फ़र्म को ₹2,000 देने थे, दिवालिया हो गया और उससे कुछ नहीं मिल पाएगा। (v) लेनदारों के ₹2,000 कम किए जाएँगे। (vi) मरम्मत के ₹1,000 के बकाया बिल के लिए प्रावधान किया जाएगा। (vii) निवेश पर उपार्जित (accrued) ब्याज ₹ 2,000 था। (viii) साझेदारों की पूँजी उनके लाभ विभाजन अनुपात में होगी। इसके लिए समायोजन नकदी से किया जाएगा। पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारो के पूँजी खाते एवं नयी फर्म का चिट्ठा तैयार कीजिए ।

C was admitted on the following terms: (i) C is to bring capital ₹40,000 and goodwill ₹15,000 (ii) Partners agreed to share the future profits in the ratio of 5 : 2 : 3 (iii) Investments will be appreciated by 20% and furniture depreciated by 10% (iv) One customer who owed the firm ₹2,000 becomes insolvent and nothing could be realised from him. (v) Creditors will be written off ₹2,000. (vi) Outstanding bills for repairs ₹1,000 will be provided for. (vii) Interest accrued on investment ₹2,000. (viii) Capitals of the partner's shall be in proportion to their profits sharing ratio. For this, adjustment be made through cash. Prepare Revaluation Account, Capital Accounts and the Balance Sheet of new firm.

Ans. : Profit on Revaluation ₹3,500. Capital A/c : A ₹1,00,000; B ₹60,000; C ₹40,000.

12. इशु और विशु 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते हुए साझेदार हैं। 31 मार्च 2017 को उनका चिट्ठा निम्न प्रकार था :

Ishu and Vishu are partners sharing profits in the ratio of 3 : 2. Their Balance Sheet as on 31st March 2017 was as follows:

t

Balance Sheet as on 31[s] March, 2017

Liabilities		Amount₹	Assets		Amount₹
Creditors		66,000	Cash at Bank		87,000
General Reserve		10,000	Debtors	42,000	
Investment Fluctuation Fund		4,000	Less: Prov. For D.D.	7,000	35,000
Capital :			Investment (Market Price 19,000)		21,000
Ishu	1,19,000		Buildings		98,000
Vishu	1,12,000	2,31,000	Plant & Machinery		70,000
		3,11,000			**3,11,000**

नीशू को इस दिन 1/6 भाग पर निम्न शर्तों पर सम्मिलित किया : (i) नीशू ₹56,000 अपने हिस्से की पूँजी लाएगी। (ii) फर्म की ख्याति ₹84,000 आंकी गई और नीशू अपना ख्याति का हिस्सा नकद लाएगा। (iii) प्लांट व मशीन को 20% बढ़ा दिया जाए। (iv) देनदार सभी उत्तम हैं। (v) ₹9,800 का दायित्व जो लेनदारों में शामिल है, उसे नहीं देना पड़ेगा। (vi) नीशू की पूँजी के आधार पर इशु और विशु की पूँजी का समायोजन करें तथा कमी या अधिकता को नकद से पूरा करें। पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते व फर्म का समायोजन के बाद स्थिति विवरण बनाएं–

Nishu was admitted on that date for 1/6th share on the following terms: (i) Nishu will bring ₹56,000 as his share of capital. (ii) Goodwill of the firm is valued at ₹84,000 and Nishu will bring his share of goodwill in cash. (iii) Plant and Machinery be appreciated by 20%. (iv) All debtors are good. (v) There is a liability of ₹9,800 included in Sundry creditors that is not likely to arise. (vi) Capital of lshu and Vishu will be adjusted on the basis of Nishu's capital and any excess or deficiency will be made by withdrawing or bringing in cash byconcerned partner. Prepare Revaluation Account, Partners' Capital Accounts and the Balance Sheet of the firm after the above adjustments.

Ans. Profit on Revaluation ₹30,800.

Capital A/c : Ishu ₹1,68,000; Vishu ₹1,12,000; Nishu ₹56,000; B/S ₹3,92,200.

13. A तथा B साझेदार हैं। लाभ को 3 :2 के अनुपात में बाँटते हैं। 31 दिसंबर 2016 को उनका स्थिति विवरण इस प्रकार था:

A and B, who are partners in a firm sharingprofits in the ratio of 3 : 2 on 31st December, 2016. The Balance Sheet was as follows:

Balance Sheet As on 31[st] December, 2016

Liabilities		Amount₹	Assets		Amount₹
Capital Accounts:			Plant & Machinery		10,000
A	10,000		Land & Building		8,000
B	8,000	18,000	Debtors	12,000	
General Reserve		15,000	Less: Prov. For D.D.	(1,000)	11,000
Workmen's Compensation Fund		5,000	Stock		12,000
Creditors		12,000	Cash		9,000
		50,000			**50,000**

उन्होंने C को लाभ में 1/5 हिस्से के लिए निम्नलिखित शर्तों पर साझेदारी में सम्मिलित करने का निर्णय लिया :

(i) संदिग्ध ऋण के लिए प्रावधान को ₹2,000 से बढ़ा दिया जाए। (ii) स्टॉक के मूल्य को ₹4,000 से बढ़ा दिया जाए और भूमि तथा भवन के मूल्य को ₹18,000 तक बढ़ा दिया जाए। (iii) कर्मचारी क्षतिपूर्ति कोष से दायित्व ₹2,000 निर्धारित किया गया हैं। (iv) C ख्याति का अपना हिस्सा ₹10,000 नकद लाया। (v) उपरोक्त पुनर्मूल्यांकन तथा समायोजन कर लेने के बाद,C अपनी पूँजी के लिए A व B की सयुंक्त पूँजी के 20% के बराबर राशि लाएगा। पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते और C के प्रवेश के बाद फ़र्म का स्थिति विवरण बनाइए।

They agreed to admit C into partnership for 1/5th share of profits on the following terms: (i) Provision for doubtful debts be increased by ₹2,000. (ii) The value of stock be increased by ₹4,000 and Land & Building be increased to ₹18,000. (iii) The liability against workmen's compensation fund is determined at ₹2,000. (iv) C brought in as his share of goodwill ₹10,000 in cash. (v) C Would bring cash as would make his capital equal to 20% of combined capital of A & B, after the above revaluation and adjustments are carried out. Prepare Revaluation Account, Partners' Capital Accounts and the Balance Sheet of the firm after C's admission.

Ans. : Profit on Revaluation ₹12,000.

Capital A/c : A ₹34,000; B ₹24,000; C ₹11,600. B/S ₹83,600; Cash Balance ₹30,600.

14. P तथा Q एक फ़र्म में साझेदार हैं। लाभ को 3 : 1 के अनुपात में बाँटते हैं। उनका स्थिति विवरण इस प्रकार हैं:
P and Q are partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 :1. Their Balance Sheet was as follows:

Liabilities		Amount₹	Assets		Amount₹
Creditors		11,000	Cash		4,000
Workmen's Compensation Fund		4,000	Debtors	16,000	
Investment Fluctuation Fund		1,000	Less: Prov. For D.D.	(500)	15,500
General Reserve		2,000	Stock		18,500
Capital A/c:			Investment		6,000
P	16,000		Goodwill		4,000
Q	14,000	30,000			
		48,000			48,000

R को निम्नलिखित शर्तों पर लाभ में 1/5 हिस्से के लिए सम्मिलित किया जाता है : (i) निवेशों का बाजार मूल्य ₹4,200 माना गया हैं। (ii) उपार्जित ब्याज की राशि ₹200 हैं। (iii) संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान ₹200 अधिक हैं। (iv) कर्मचारी क्षतिपूर्ति के एक दावे के लिए ₹1,000 का प्रावधान किया जाए। (v) R ख्याति के हिस्से के रूप में ₹10,000 लाएगा। (vi) फ़र्म की कुल पूँजी ₹50,000 निर्धारित की गई, जो साझेदारों के लाभ विभाजन अनुपात में समायोजित की जानी हैं। R अपनी पूँजी नकद में लाता है, परंतु अन्य साझेदारों की पूँजी का समायोजन चालू खाते खोलकर किया जाए। पुनर्मूल्यांकन खाता, पूँजी खाते और नयी फर्म का स्थिति विवरण बनाइये।

R is admitted on 1/5th share in profit on the following terms: (i) Market value of investment is taken as ₹4,200 (ii) Accrued Interest amounts to ₹200. (iii) Provision for doubtful debt was in excess to ₹200. (iv) A claim of Workmen's Compensation for ₹1,000 be provided. (v) R is to bring ₹10,000 as goodwill share. (vi) Total capital of the firm was agreed as ₹50,000 to be adjusted in their profit sharing ratio. R brings his capital in cash but capital of other partners be adjusted byopening current accounts. Prepare Revaluation Account, Capital Accounts and the Balance Sheet of new firm.

Ans. Loss on Revaluation ₹ 400.
Capital A/c : P ₹ 30,000; Q ₹10,000 & R ₹ 10,000; B/ S ₹68,650. Cash Balance ₹24,000.

15. A, B तथा C साझेदार हैं और लाभ को 2:2:1 के अनुपात में बाँटते हैं। 31-3-2017 को उनका स्थिति विवरण इस प्रकार था :

A, B and C are partners sharing profits in the ratio 2 : 2 : 1. Their balance sheet on 31-3-2017 was as follows:

Liabilities		Amount₹	Assets		Amount₹
Creditors		30,000	Bank		30,000
General Reserve		68,000	Debtors	40,000	
Profit & Loss A/c		30,000	Less: Provision	2,000	38,000
Capital A/cs			Stock		50,000
A	40,000		Furniture		30,000
B	40,000		Plant		80,000
C	30,000	1,10,000	Deferred Revenue Expenditure		10,000
		2,38,000			**2,38,000**

साझेदारों ने 1-4-2017 से लाभ को 1 : 1 : 1 के अनुपात में बाँटने का निर्णय लिया। उन्होंने यह भी तय किया कि : (i) स्टॉक का मूल्य 20% बढ़ा दिया जाए। (ii) संदिग्ध ऋण के लिए प्रावधान ₹1,000से बढ़ा दिया जाए। (iii) फ़र्नीचर तथा प्लांट में 10% का ह्रास किया जाए। (iv) बकाया किराया ₹2,000 हैं। (v) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹51,000 किया गया हैं। साझेदारों ने निर्णय लिया कि सम्पत्तियों, दायित्वों और संचयों के मूल्य में कोई परिवर्तन न किया जाए। उन्होंने ख्याति को पुस्तकों में न दिखाने का भी निर्णय लिया। इन परिवर्तनों को लागू करने के लिए एकल प्रविष्टि कीजिए।

The partners agreed to share profits in the ratio 1 : 1 : 1 from 1-4-2017. They further agreed that: (i) Stock be valued at 20% more. (ii) Doubtful debt provision be increased by ₹1,000. (iii) Depreciate furniture and plant by 10%. (iv) Rent outstanding is ₹2,000. (v) Goodwill of the firm is valued at ₹51,000. Partners decided not to alter the values of assets, liabilities and reserves. They also decided not to show goodwill in the books.Pass a single entry to give the effect to above changes.

Ans. समायोजन से शुद्ध लाभ ₹1,35,000

C's Capital A/c	Dr.	18000	
To A's Capital			9000
To B's Capital			9000

16. सुरेश, रमेश तथा महेश लाभों को क्रमशः 3:2:1 के अनुपात में बाँटते हैं। 1 अप्रैल,2017 को उनका चिट्ठा निम्नलिखित था:
Suresh, Ramesh and Mahesh share profits in the ratio of 3: 2: 1 respectively. Their Balance Sheet as on 1st April, 2017 was as-

Balance Sheet As on 1st April, 2017

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Creditors		1,60,000	Cash	1,40,000
General Reserve		1,08,000	Sundry Assets	4,80,000
Capital A/c			Profit & Loss A/c	36,000
Suresh	1,80,000			
Ramesh	1,20,000			
Mahesh	88,000	3,88,000		
		6,56,000		**6,56,000**

इस तिथि को उन्होंने तय किया कि सुरेश, रमेश तथा महेश भविष्य में लाभों को 2 : 2 : 1 अनुपात में बाटेंगे। उस तिथि को फर्म की ख्याति का मूल्य ₹72,000 किया गया। फर्म की पुस्तकों में साझेदारों के पूँजी खाते बनाइये तथा फर्म का चिट्ठा बनाइये।
On that date they decided that Suresh, Ramesh and Mahesh will share profits in future in the ratio of 2: 2: 1 respectively. The goodwill of the firm was valued at ₹72,000 on that date. Prepare Partner's Capital Accounts and Balance Sheet of the firm.

Ans.: Capital A/c Suresh ₹2,23,200; Ramesh ₹1,39,200; Mahesh ₹97,600; B/S ₹6,20,000.
Suresh $\frac{3}{30}$ (SR); Ramesh $(-)\frac{2}{30}$ (G/R); Mahesh$(-)\frac{1}{30}$ (GR).

17. नरदीप, हरदीप तथा गगनदीप एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 1 : 3 के अनुपात में लाभ बाँटते थे। 31-03-2017 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :
Nardeep, Hardeep and Gagandeep were partners in a firm sharing profits in 2: 1: 3 ratio. Their Balance sheet as on 31.3.2017 was as follows:

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Creditors		1,00,000	Land	1,00,000
Bills Payable		40,000	Building	1,00,000
General Reserve		60,000	Plant	2,00,000
Capital:			Stock	80,000
Nardeep	2,00,000		Debtors	60,000
Hardeep	1,00,000		Bank	10,000
Gagandeep	50,000	3,50,000		
		5,50,000		**5,50,000**

1-4-2017 से नरदीप, हरदीप तथा गगनदीप ने भविष्य में लाभ बराबर–बराबर बाँटने का निर्णय लिया इसके लिए यह समझौता हुआ कि : (क) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹3,00,000 किया जाये। (ख) भूमि का पुनर्मूल्यांकन ₹1,60,000 पर किया जाये तथा भवन पर 6% मूल्य ह्रास लगाया जाये। (ग) ₹12,000 के लेनदार दावा नहीं करेंगे अतः इन्हें अपलिखित कर दिया जाना चाहिए। पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा पुनर्गठित फर्म का स्थिति विवरण तैयार कीजिए।
From 1.4.2017, Nardeep, Hardeep and Gagandeep decided to share the future profits equally. For this purpose it was decided that : (a) Goodwill of the firm be valued at ₹3,00,000. (b) Land be revalued at ₹1,60,000 and building be depreciated by 6%. (c) Creditors of ₹12,000 were not likely to be claimed and hence be written off. Prepare, Revaluation Account, Partners Capital Accounts and the Balance Sheet of the reconstituted firm.

Ans. Profit on Revaluation ₹66,000. Capital A/c : Nardeep ₹2,42,000; Hardeep ₹71,000; Gagandeep ₹1,63,000; B/S ₹6,04,000; Hardeep $(-)\frac{1}{6}$ (GR); Gagandeep $\frac{1}{6}$ (SR).

18. A व B एक फर्म में 3 : 2 के अनुपात में लाभ विभाजन करते हुए साझेदार हैं। 31.03.17 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था।

A & B are partners sharing profit in the ratio of 3 : 2 in a firm. On 31.3.2017 their Balance Sheet was as follows:

Balance sheet As on 31 March, 2017

Liabilities		Amount (₹)	Assets	Amount(₹)
Creditors		40,000	Cash at Bank	40,000
Provision for Bad-debts		2,000	Debtors	50,000
Employee's Provident fund		8,000	Stock	30,000
Bank Loan		40,000	Investments	10,000
P & L A/c		20,000	Building	1,00,000
General Reserve		10,000	Machinery	40,000
Capital			Furniture	4,000
A	1,00,000		Patent	6,000
B	80,000	1,80,000	Goodwill	15,000
			Deferred Revenue Expenditure	5,000
		3,00,000		**3,00,000**

वे C को लाभों में $\frac{1}{5}$ हिस्से के लिए प्रवेश देते हैं। C अपना पूरा हिस्सा A से प्राप्त करता हैं। C अपने लाभ के $\frac{1}{5}$ भाग के लिए आनुपातिक पूँजी लायेगा। (i) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन पिछले 3 वर्षों के औसत लाभों ₹ 10,000 के दो वर्षों के क्रय के बराबर किया गया। C ख्याति की राशि नकद लाता हैं। (ii) ऐसी सम्पत्ति जिसका पुस्तकों में लेखा नहीं हुआ ₹ 10,000 (iii) विनियोगों का मूल्यांकन ₹ 12,000 पर किया गया व इसी मूल्य पर A ने ले लिए। (iv) सामान्य संचय की आधी राशि साझेदारों ने निकाल ली। (v) भवन के मूल्य में 10% से वृद्धि हो गयी। (vi) मशीन का मूल्य 10% अधिक करना हैं। (vii) फर्नीचर का मूल्य 10% कम करना हैं। (viii) अदत्त वेतन ₹2,000. (ix) एकस्व का मूल्य ₹ 3,000 से कम करें। (x) कर्मचारी क्षतिपूर्ति संचय के विरूद्ध ₹2,000 का दायित्व निश्चित किया गया। (xi) पूर्वदत्त बीमा ₹1,000. (xii) बैंक ऋण का भुगतान कर दिया गया हैं। (xiii) लेनदारों में शामिल ₹ 4,000 के दायित्व का भुगतान नहीं करना हैं। (xiv) डूबत ऋण ₹ 3,000. (xv) स्कंध को ₹26,000 तक कम करें। पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते व नयी फर्म का चिट्ठा बनाइये।

They decided to admit C for 1/5th share. He takes his share entirely from A. He had to contribute the proportionate capital. (i) Goodwill of the firm is valued at 2 years purchase of average profit of last 3 years. Which was ₹10,000. C brings his share of goodwill in cash. (ii) Unrecorded Assets ₹10,000 (iii) Investment valued at ₹12,000 & taken by A. (iv) ½ of General Reserve withdrawn by the partners. (v) Land & Building appreciate by 10%. (xi) Plant & Machinery valued at 20% more. (vii) Furniture valued at 10% Less. (viii) Outstanding Salary ₹2,000. (ix) Patent reduced by ₹3,000. (x) Liability of Workmen compensation is ₹2,000. (xi) Prepaid Insurance ₹1,000. (xii) Bank Loan would be paid off. (xiii) A Liability of ₹4,000 included in creditors was not likely to arise. (xiv) Bad debts ₹3,000. (xv) Stock is reduced to ₹26,000. Prepare Revaluation A/c, Partner's Capital A/cs and the Balance Sheet of the new firm.

Ans: Profit on Revaluation ₹18,600; Capital A/c : A. ₹1,06,160; B. ₹89,400 C. ₹48,900; B/S ₹2,92,500; Cash Balance ₹47,900